an>

Title: Need to increase the number of seats for MBBS course from 150 to 300 in SIMS in Bilaspur, Chhattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): अध्यक्ष महोदया, छत्तीसगढ़ नवोदित राज्य है, जहां पर तेजी से विकास हो रहा है।...(व्यवधान) छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाद बिलासपुर दूसरे नम्बर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है,...(व्यवधान) जहां पर छत्तीसगढ़ राज्य के द्वारा, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान 'सिम्स' के नाम से मेडिकल संस्था संचालित है।...(व्यवधान) जो छत्तीसगढ़ राज्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है,...(व्यवधान) जिसमें वर्तमान समय स्नातक के कुल 150 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।...(व्यवधान) आज की आवश्यकताओं को देखते हुए वे पर्याप्त नहीं हैं।...(व्यवधान) क्योंकि छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में डॉक्टरों की कमी है,...(व्यवधान) इस बात को ध्यान में रखते हुए मेडिकल की पढ़ाई में स्नातक की सीट्स की संख्या बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।...(व्यवधान) बिलासपुर एक व्यावसायिक एवं औद्योगिक क्षेत्र है।...(व्यवधान) बिलासपुर में 'सिम्स' जैसा शिक्षण संस्थान संचालित है,...(व्यवधान) इस संस्था की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए आगामी समय में कम्युनिटी मेडिसिन, फॉरेंसिक मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, जियोलॉजी, कॉर्डियोलॉजी, एनेस्थिसिया जैसे विषयों में स्नातकोत्तर, पी.जी. क्लास खोलने की आवश्यकता है।...(व्यवधान) इस संबंध में उक्त संस्थाओं द्वारा एवं राज्य सरकार की ओर से भी मांग संबंधित विभाग से की गई है और एमसीआई को भी पत्र लिखा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व सरकार द्वारा सौ सीट का मेडिकल कालेज अम्बिकापुर में स्वीकृत किया गया, जिसका उद्घाटन श्री नड्डा जी ने किया है, इसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं।

अतः मेरा निवेदन है कि सिम्स अस्पताल बिलासपुर में मेडिकल ग्रेज्युएशन एमबीबीएस की वर्तमान 150 सीट को बढ़ाकर 300 सीट एवं (एमडी) पीजी की कक्षाओं की स्वीकृति देने की महान कृपा करेंगे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री सी.पी. जोशी,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

कमल भान सिंह मराबी को श्री लखन लाल साहू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।